### एक नजर में

## नि :शुल्क पैरवी करने काउंसलिंग जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नि :शुल्क पैरवी करने के लिए शासन स्तर पर काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं लीगल एड डिफेंस काउंसेल एसओपी 2025 के प्रावधानों के अनुरूप तथा नालसा लीगल एड डिफेंस मॉडिफाईड स्कीम 2022 के उपबंधों के अधीन न्यायालय के समक्ष बचाव पक्ष की ओर से नि :शुल्क पैरवी किये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ में स्थापित कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसेल में संविदा के आधार पर चीफ का 1 पद, डिप्टी चीफ के 2 पद एवं असिस्टेंट के लिए 3 पद लीगल एड डिफेंस काउंसेल पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदक 12 सितंबर तक आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र एवं गाईड लाईन जिला न्यायालय, टीकमगढ़ की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है एवं विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ में संपर्क किया जा सकता है।

# शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियां चल रहीं जोरों पर

**कारीगर मूर्तियां बनाने को दे रहे अंतिम स्वरूप**

**22 सितम्बर से जिले में बहेगी धर्म की गंगा**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जगत जननी मां आदिशक्ति की आराधना, उपासना एवं भक्ति के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा नवरात्र पर्व को लेकर रूपरेखा बनाकर पंडालों के निर्माण, झांकियों आदि की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से शुरू होगा। शारदीय नवरात्र पर्व करीब आने के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज हो गई। दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हैं। देवी प्रतिमाओं को स्थापित करने पंडाल सजने लगे वही देवी मंदिरों मैं भी तैयारियां जारी कर दी है।**

मातारानी की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकारों का दावा है कि महंगाई के कारण है कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। उनके लिए लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। फिर भी उन्होंने कोशिश की है कि कम कीमत में बेहतर प्रतिमा तैयार कर भक्तों को उपलब्ध कराई जाए। पांच हजार से लेकर 40 हजार रुपये तक की प्रतिमाएं तैयार की जा रही है । वैसे महंगाई के बाद भी प्रतिमाओं के आर्डर में कमी नहीं आई है। मूर्तिकारों ने गणेशोत्सव पर्व के साथ ही दुर्गा प्रतिमा तैयार करना का काम शुरू कर दिया गया था। जिससे समय पर प्रतिमाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। मूर्ति के निर्माण में लगे मूर्तिकार ने बताया कि प्रतिमा निर्माण में सिर्फ परिवार ही नहीं बल्कि अन्य कारीगरों को लगाया जाता है। मौजूदा समय में कुल 100 से अधिक प्रतिमा बनाने का कार्य जारी हैं, जिसमें से बुकिंग का काम भी चल रहा है। प्रतिमा निर्माण में लगने वाले सामग्रियों के दाम में तो वृद्धि हुई, लेकिन प्रतिमा के दाम में उस अनुपात में काफी कम वृद्धि की गई है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 5 हजार से 20 हजार रुपये तक की प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। जगत जननी मां आदिशक्ति की आराधना, उपासना एवं भक्ति के पर्व शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। दुर्गोत्सव समितियों के द्वारा नवरात्र पर्व को लेकर रूपरेखा बनाकर पंडालों के निर्माण, झांकियों आदि की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से शुरू होगा। शारदीय नवरात्र पर्व करीब आने के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारियां तेज हो गई। दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हैं। देवी प्रतिमाओं को स्थापित करने पंडाल सजने लगे वही देवी मंदिरों मैं भी तैयारियां जारी कर दी है। देवी मंदिरों में साफ-सफाई के अलावा पुताई का कार्य चल रहा है।

### लक्ष्मी पूजन के लिए बढ़ी प्रतिमाओं की मांग

निर्माण में काली व पीली मिट्टी के प्रयोग के साथ ही बांस, रस्सी आदि का प्रयोग किया जाता है ।इनका मूल्य काफी बढ़ गया है ।इससे हमारी परेशानी बढ़ गई है। खासतौर पर बांस और पुआल अब जरूरत के मुताबिक नहीं मिल पाए। इसलिए इस बार प्रतिमाओं का निर्माण कम स्तर पर किया है। मूर्तिकारों का कहना है कि प्रतिमा निर्माण से वर्ष भर की जीविकोपार्जन के लिए आय हो जाती है। यह हमारा पुश्तैनी काम है। जब से समझदार हुए है, परिवार के बड़े बुजुर्गों के साथ सहयोग करते हुए अपने पैरों पर खड़े हो गए। नवरात्र के बाद दीपावली मैं लक्ष्मी पूजन के लिए कुछ वर्षों से प्रतिमाओं की मांग बढ़ी है।

## व्यापारी पर कुल्हाड़ी से बोला हमला



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। थाना देहात क्षेत्र में एक व्यापारी पर कुल्हाड़ी से हमला करने की बारदात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आगे की कार्यवाही करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। शहर के भगतनगर कॉलोनी में बीती देर शाम एक दुकानदार पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। घटना देहात थाना क्षेत्र की है। सीमेंट और सरिया के व्यापारी नंदराम पाल पर उनकी दुकान के पीछे रहने वाले बालकिशन अहिरवार ने इस घटना को अंजाम दिया है।**

पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने इस मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। हमले में नंदराम पाल के सिर में गंभीर चोट आई है। उन्हें तत्काल 112 पुलिस वाहन की मदद से जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया। चोट इतनी गंभीर थी कि सिर में तीन टांके लगाने पड़े।आरोपी बालकिशन अहिरवार हमले के बाद कुल्हाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। देहात थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और हमले के कारणों का पता लगा रही है। खबर लिखे जाने तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर बताया गया । पीड़ित ने उपचार कराने के दौरान बताया कि उसने पुलिस से इस मामले में दोषी व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## कार्यक्रम में आए युवक ने नदी में लगाई छलांग



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सागर मार्ग पर स्थित बड़ागांव धसान नगर परिषद में 26 वर्षीय युवक के धसान नदी में डूबने का मामला सामने आया है। युवक अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शुद्धता कार्यक्रम में शामिल होने आया था।**

जानकारी के अनुसार यह घटना आज सुबह करीब 10 बजे की है। मृतक की पहचान दयाराम आदिवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दयाराम ने अचानक धसान नदी के पुल से छलांग लगा दी। जैसे ही लोगों ने उसे डूबते हुए देखा उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया जो दोपहर तक भी युवक को नहीं खोज पाई है। एसडीआरएफ की टीम लगातार युवक की तलाश कर रही है। यह घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस युवक की तलाश करती रही। युवक अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शुद्धता कार्यक्रम में शामिल होने आया था। इस दौरान यह घटना होनी बताई जा रही है।

## सेवा पखवाड़ा अभियान 17 से 2 अक्टूबर तक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में प्रदेश के साथ ही टीकमगढ़ जिले में भी 17 से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जायेगा। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के आदि सेवा पर्व का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया जायेगा।**

अभियान का उद्देश्य जनहित और सेवा कार्यों को बढ़ावा देना तथा गरीबों और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा थीम अंतर्गत गांवों और शहरों में सफ ाई, नालियों की सफाई, कचरा निपटारण किया जायेगा। इसी प्रकार स्वास्थ्य शिविर में टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर भी आयोजित किये जायेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए बंजर भूमियों पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया जायेगा। जनसेवा कार्यक्रम अंतर्गत योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सुविधाएँ प्रदान की जायेंगी।

सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत नशामुक्ति और जनजागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ के साथ ही नशे होने वाली गंभीर बीमारियों की जानकारी भी हितग्राहियों को दी जायेगी। यह अभियान लोगों को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना और सरकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने का प्रयास है।

## अमृत हरित महा अभियान के तहत पौधरोपण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एवं नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष अब्दुल गफ्फ ार पप्पू मलिक तथा सीएमओ ओमपाल भदोरिया के मार्गदर्शन में अमृत हरित महा अभियान अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुरानी टेहरी और इमला बाबा मंदिर प्रांगण टीकमगढ़ में पौधरोपण किया गया।**

अमृत हरित महा अभियान कार्यक्रम में पार्षद अरविंद रजक, श्रीमती पूनम रजनी जैसवाल, पार्षद प्रतिनिधि वीरेन्द्र कुशवाहा, गोविंद प्रजापति नगर पालिका टीकमगढ़ से सिटी मिशन मैनेजर गिरीश सोनी, सामुदायिक संगठक श्रीमती दीपिका शर्मा, सुश्री आयुषी सोनी, नगरपालिका के अन्य कर्मचारी एवं विद्यालय से स्कूल प्राचार्य सहित अन्य शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अभियान के लिए जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार एवं नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक तथा सीएमओ ओमपाल भदोरिया के मार्गदर्शन में अमृत हरित महा अभियान अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुरानी टेहरी और इमला बाबा मंदिर प्रांगण टीकमगढ़ में पौधरोपण किया गया।

## कार्यक्रमों में शामिल होंगी प्रभारी मंत्री

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री एवं टीकमगढ़ जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर आज दूसरे दिन भी जिले के प्रवास पर रहेंगीं।**

प्रभारी मंत्री 12 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर की अध्यक्षता में सुबह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक अयोजित की जायेगी। वह दोपहर 4 बजे विकास कार्यों का अवलोकन करेंगी। सायं 6 बजे टीकमगढ़ से झांसी के लिये प्रस्थान करेंगी। प्रभारी मंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन सजग है।

## सीईओ को निरीक्षण में मिली खामियां

**नवभारत न्यूज पलेरा। जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में हालातो का जायजा लेने के लिए जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बीते बुधवार के दिन ग्राम पंचायत रतवास एवं ग्राम पंचायत मवई का दौरा किया। इस दौरान जनपद सीईओ को कई खामियां देखने को मिली हैं।**



आकस्मिक निरीक्षण की खबर दिए बगैर ही सीईओ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद जन कल्याणकारी योजना में पलीता लगाने वालों के चेहरों के होश उड़ गए। पूरे मामले की जानकारी देते हुए सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बताया कि बीते बुधवार के दिन अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्होंने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत रतवास का जायजा लिया। करीब 12 बजे के लगभग रतवास गांव की शाला में दर्ज 74 बच्चों की संख्या में सिर्फ 4 बच्चे ही मौके पर पाए गए। सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने इस मामले में शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करते हुए बच्चों के परिवार से संपर्क करते हुए उन्हें विद्यालय भेजे जाने हेतु निर्देशित किया। मौके पर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी सीईओ ने तत्काल साफ सफाई कराए जाने की निर्देश दिए। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र रतवास में बच्चों को 2 साल से मध्यान भोजन न दिए जाने की शिकायत सामने आने पर सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जहां एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। माध्यमिक शाला मबई का जायजा लेने पर स्कूल के बच्चे बाहर बैठे हुए नजर आए।

## किसानों ने ज्वलंत समस्याओं का तहसीलदार के नाम दिया ज्ञापन

**इंपोर्ट ड्यूटी तत्काल बहाल करने की रखी मांग**

**जीएसटी एवं कर्ज जैसी समस्याओं का किया जिक्र**




**नवभारत,न्यूज पलेरा। भारतीय किसान संघ ने पलेरा तहसीलदार के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर किसानों की ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। बड़ी संख्या में किसानों के साथ पहुंचे संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में किसान फसलों के लागत मूल्य न मिलने, सिंचाई, कृषि उपकरणों पर जीएसटी और कर्ज जैसी कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।**

ज्ञापन में बताया गया कि यदि इन्हें समय रहते इन समस्याओं को दूर नहीं किया गया तो स्थिति और अधिक विकट हो सकती है। प्रशासन के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कृषि यंत्रों, बीज, रसायनिक दवाइयों एवं कृषि आदान पर जीएसटी पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए ।कृषि उत्पादों की आयात-निर्यात नीति किसान हितैषी बनाई जाए। फसल पकने के समय आयात पर रोक लगाई जाए। जीएम फसलों को भारत में किसी भी कीमत पर प्रवेश की अनुमति न दी जाए ।कपास से हटाई गई इंपोर्ट ड्यूटी तत्काल बहाल की जाए। भूमि अधिग्रहण कानून केवल विकास योजनाओं और राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए लागू हो तथा सभी राज्यों में समान कानून बनाए जाने संबंधी कई मांगों का उल्लेख किया गया है। इस मौके पर अनेक क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे। भारतीय किसान संघ ने पलेरा तहसीलदार के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर किसानों की ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। बड़ी संख्या में किसानों के साथ पहुंचे संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में किसान फसलों के लागत मूल्य न मिलने, सिंचाई, कृषि उपकरणों पर जीएसटी और कर्ज जैसी कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।

इससे पहले बीते दिनों कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान किसानों की तमाम समस्याएं सामने आई थी जिसमें फसलों के लिए खाद एवं बीज की किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अवाश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

**सौगात** भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कलेक्टर ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दी स्कूटी वाहन की चाबी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय स्कूलों के 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान कर बधाई व उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रदेश के 7.832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की गई।**




जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक.1 टीकमगढ़ में उक्त कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत के मुख्य आतिथ्य में तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के विशिष्ट आतिथ्य में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक.1 टीकमगढ़ में संपन्न कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। साथ ही राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी अतिथियों के साथ बच्चों ने देखा गया।

इसके अलावा जिलेभर के शासकीय स्कूलों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत के साथ भाजपा नेता अंशुल व्यास प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय स्कूलों के 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी प्रदान कर बधाई व उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रदेश के 7.832 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की गईं।

जिला मुख्यालय पर प्रदेश में नि:शुल्क ई-स्कूटी, आईसीईएस योजना शैक्षणिक सत्र 2022-23 से संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राएं पात्र होते हैं जिन्होंने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातिय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित शालाओं में नियमित विद्यार्थियों के रूप में अध्ययन कर कक्षा 12वीं के समस्त संकाय में टॉप किया हो। उन्हें इन योजना का लाभ दिया गया। वाहन की चाबी मिलते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

### जिला मुख्यालय पर देखा गया समारोह का सीधा प्रसारण

भोपाल में यह कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न कराया गया। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफामर्स पर किया गया। एनआईसी बेवकास्ट के साथ ही उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय पर देखा गया।

## 63 विधाएं प्रतियोगिता में शामिल

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 एवं राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता 2025 के लिए प्रतिभागियों के द्वारा प्रथम स्तर पर मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास विभाग द्वारा 16 से 24 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा नि:शुल्क आवेदन एसआईडीएच पोर्टल पर 30 सितंबर तक किए जाएंगे। प्रतियोगिता में 63 विभिन्न विधाओं जैसे डिजिटल कंस्ट्रक्शन, ग्राफिक्र डिजाइन, ऑटोमोबाइल, फैशन टेक्नोलॉजी, बेकरी, गार्डेनिंग इत्यादि शामिल हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक/5364/न.पा./निर्माण/2025 — टीकमगढ़, दिनांक 10/09/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_450953_1 11/09/2025 को सांय 05 :00 बजे से | वार्ड नं. 5 में गायत्री मंदिर के पीछे सी.सी. सड़क व नाली निर्माण का कार्य | 3 माह 3227810.00 | 5000/- 24208/- | 13/10/2025 को सांय 05 :30 बजे तक |

1- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र./एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)